सास-ससुर को गुजारा भत्ता दे बहू

प्रत्येकी 1000 रु. देने के अदालत के निर्देश

प्रतिनिधि, 19 फरवरी

यवतमाल- वृद्धावस्था में मां-बाप का बेटा सहारा होता है. बेटा की सरकारी सेवा रहते समय उसकी मृत्यु हो गई. बहू को अनुकंपा तत्व पर शासन ने सेवा में शामिल किया. इस दौरान आस-ससुर के पालन-पोषण का समझौता करार भी हुआ था. लेकिन बहू ने यह करार भंग किया, जिससे दोनों वृद्ध सास-ससुर की हालत विकट हो गई. अंत में अदालत में गुहार लगाई गई. यवतमाल के प्रथम श्रेणी न्यायालय के न्याय दंडाधिकारी बागडोदिया ने दोनों वृद्ध के पालन-पोषण की जिम्मेदारी बहू पर तय कर प्रत्येकी प्रतिमाह 1000 रु. गुजारा भत्ता देने का ऐतिहासिक फैसला सुनाया है.

उल्लेखनीय है कि नारायण रतन बेले, रत्नमाला बेले दंपति का बेटा संदीप बेले नागपुर के खाद्य व आपूर्ति विभाग में सरकारी सेवा में कार्यरत था. इस दौरान सेवा में रहते उसका निधन हो गया. उनके बुढ़ापे का सहारा चला गया. मृतक की पत्नी प्रीति ने सास-ससुर के पालन-पोषण करने के अभिवचन पर अनुकंपा तत्व पर सरकारी नौकरी हासिल की. लेकिन नौकरी लगने के पश्चात वह यह अभिवचन भूल गई और अपने सास-ससुर की अनदेखी करनी शुरू की.

उपेक्षा करने पर कोर्ट में याचिका दायर

इसके बाद सास-ससुर ने यवतमाल के एड. अमोल बी. इंगोले की ओर कानूनी मार्गदर्शन हासिल किया और उसके द्वारा फौजदारी प्रक्रिया संहिता की धारा 125 के अंतर्गत बहू की ओर से सास-ससुर को गुजारा भत्ता मांगने का हक है, ऐसा बताया. इस हक को हासिल करने के लिए न्यायालय में मामला न्याय प्रविष्ठ किया गया. उक्त मामले में औरंगाबाद उच्च न्यायालय के हुए नतीजे व आदेश के संदर्भ एवं आधार पर युक्तिवाद हुआ. एड. इंगोले का आवेदन व युक्तिवाद एवं उच्च न्यायालय के न्याय निर्णय के मद्देनजर बहू प्रीति बेले को उसके सास-ससुर को प्रत्येकी 1000 रु. प्रतिमाह गुजारा भत्ता देने का फैसला सुनाया. जिले में इस तरह का यह पहला नतीजा अदालत ने दिया है.

तलवार व चाकू के साथ गिरफ्तार

अमरावती - नागपुरी गेट पुलिस थाने के एपीआई राहुल जाधव व टीम ने मंगलवार की सुबह 6 बजे कॉम्बिंग ऑपरेशन चलाकर तलवार व चाकू के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया. आरोपी का नाम सैयद जावेद सैयद आरिफ (19, इकबाल कालोनी) है. पुलिस ने जब उसके घर की तलाशी ली तो अलमारी में एक तलवार और चाइना चाकू मिला. दोनों हथियारों के बारे में आरोपी संतोषजनक जवाब नहीं दे पाया. आरोपी के खिलाफ 4/25 आर्म एक्ट के तहत अपराध दर्ज किया गया है.

75 गोवंश को मिला जीवनदान

मुर्तिजापुर : मूर्तिजापुर पुलिस द्वारा विशालकाय ट्रक से जब्त किए गए 75 गोवंश.

4 गोवंश की मृत्यु

मुर्तिजापुर पुलिस की कार्रवाई

संवाददाता, 19 फरवरी

मुर्तिजापुर - यहां से समीप ही ग्राम सोनोरी के पास पुलिस को गुप्त जानकारी मिली कि ट्रक में गोवंश भरकर ले जा रहे हैं. इस जानकारी के आधार पर पुलिस ने ट्रक को रोककर ट्रक में भरे 79 गोवंश को बाहर निकाला, जिसमें 4 गोवंश की मृत्यु हो चुकी थी. पुलिस ने 3 आरोपी को पकड़ कर 30 लाख रुपए की समग्री जब्त करने की घटना सोमवार को दोपहर घटी.

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार स्थानीय हाईवे से ट्रक नंबर एमपी-09/एचएच-26 54 में गोवंश भर के ले जाने की जानकारी मिली. पुलिस ने सोनोरी गांव के समीप 16 चक्के ट्रक को रोककर उसकी तलाशी ली. जिसमें ट्रक के दो भागों में गोवंश बंधे थे, पुलिस ने ट्रक चालक इमरान खान रहीम खान (लिंबूजा, भोपाल, मध्य प्रदेश), शाहरुख खान हकीम खान और असलम खान तस्लीम खान (दोनों काजी खेड़ी, राजगढ़, मध्य प्रदेश) को गिरफ्तार कर गोवंश को स्थानीय पुंडलिक बाबा गौरक्षण संस्थान में भेजा. जहां 75 गोवंश का पंचनामा किया गया और पशु वैद्यकीय डॉ. आनंद पाटिल, डॉ. फुलझडे जयाराम बेटे ने गोवंश की जांच कर 4 गोवंश मृत होने की जानकारी दी. पुलिस ने आरोपियों को पकड़ कर उनसे 15 लाख का ट्रक 14 लाख 71 हजार का गोवंश, 9 हजार 800 का मोबाइल सहित कुल 29 लाख 88 हजार का माल जब्त किया. तीनों आरोपियों पर गोवंश तस्करी की विभिन्न धाराओं के अंतर्गत कार्रवाई का स्थानीय पुलिस जांच कर रही है.

अमरावती रेंज के 22 पीआई के तबादले

डीजी कार्यालय से आदेश जारी

प्रतिनिधि, 19 फरवरी

अमरावती- केन्द्रीय चुनाव आयोग ने पुलिस अधिकारियों के तबादले का मापदंड निश्चित किया हुआ है. उसके अनुसार अमरावती परिक्षेत्र के 22 थानेदार पीआई के तबादले किये गये हैं. पुलिस उप-महानिरीक्षक श्रीकांत तरवड़े ने तबादले के आदेश जारी किये. इसमें अमरावती ग्रामीण, अकोला, बुलढाणा, यवतमाल, वाशिम जिले के थानेदारों का समावेश है. अमरावती ग्रामीण से सतीश जाधव, यवतमाल, सुधीर पाटिल, वाशिम, आधारसिंह सोनोने, वाशिम व अकोला जिले के अनिल जुमले, यवतमाल जिला में भेजे गये हैं. बुलढाणा जिले के चार थानेदारों का समावेश है. इसमें दिगंबर इंगले, वाशिम, प्रदीप सालुंके, यवतमाल, बलिराम गीते व सोमनाथ जाधव को वाशिम भेजा गया. रीता उईके, अकोला, अनिल पाटिल, बुलढाणा, संजय खंडारे, वाशिम, धनंजय जगदाले, वाशिम, हनुमंत गायकवाड़, बुलढाणा और असलम खान की अकार्यकारी पद पर नियुक्ति की गयी है. वाशिम जिले से सात थानेदार बदले गये हैं. रमेश जायधाये, बुलढाणा, राजेन्द्र पाटिल, अमरावती ग्रामीण, गजानन महादेव गुल्हाने, अकोला, हरीश गवली, सुरेश नाइकनवरे, अकोला, मोतीराम बोडले, बुलढाणा, पितांबर जाधव, यवतमाल का तबादला सूची में समावेश है. अकोला के विजय मगर को अकार्यकारी पद दिया गया है. और भी तबादले होने की संभावना है. इसके बाद सहायक पुलिस निरीक्षक और पुलिस उप-निरीक्षकों के बड़ी संख्या में तबादले किये जाने वाले हैं.

चोरी का वीडियो वायरल न करने मांगी फिरौती

प्रतिनिधि, 19 फरवरी

अमरावती- गैस सिलेंडर चोरी का वीडियो वायरल न करने के लिये एक महिला से फिरौती मांग कर बलात्कार की धमकी देने का मामला सोमवार को कांग्रेस नगर में उजागर हुआ. फ्रेजरपुरा पुलिस ने गुड्डू दिलीप यादव (35, सबनीस प्लाट) और उसके दो साथियों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है. पीड़ित नर्स है. पहले आरोपी के घर किराए से रहती थी. 4 महीने पहले दूसरी खोली किराये पर ली. इससे पहले पीड़ित के पति द्वारा उधार लिये 55 हजार रुपये व पति द्वारा चुराये गये गैस सिलेंडर का वीडियो आरोपी ने रिकॉर्ड किया था. यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी देकर 5 हजार रुपये प्रति माह फिरौती की मांग की गयी थी. इसके अलावा हथियार दिखाकर बलात्कार करने की धमकी देने का आरोप भी

अभिनेता भारत गणेशपुरे के भतीजे की मृत्यु

स्कूल में गश खाकर गिरा

प्रतिनिधि, 19 फरवरी

अमरावती - मराठी व हिंदी फिल्मों के मशहूर हास्य अभिनेता और महानगर पालिका के स्वच्छता ब्रैंड एम्बेसिडर भारत गणेशपुरे के भतीजे की सोमवार की शाम मृत्यु हुई. वह स्कूल में गश खाकर गिरा और उपचार दौरान उसने अंतिम सांस ली. मृतक का नाम स्वराज मनीष गणेशपुरे (14, श्रीरामनगर) है.

गाड़गे नगर पुलिस को मृत स्वराज के पिता मनीष त्र्यंबकराव गणेशपुरे (43) द्वारा दी गयी जानकारी के अनुसार वे अपनी पत्नी मनीषा के साथ मिडकॉन प्रशिक्षण केंद्र चलाते थे. उनके एक पुत्र और पुत्री है. पुत्री 10 साल की कक्षा तीसरी में है. बड़ा पुत्र स्वराज गोल्डन किड्स स्कूल में कक्षा 9वीं में पढ़ता था. सोमवार की शाम 4.30 बजे के दौरान स्कूल से फोन आया कि स्वराज को चक्कर आने से गिर पड़ा, उसे उपचार के लिए दयासागर अस्पताल में ले जा रहे हैं. मनीष तुरंत अस्पताल पहुंचे और वहां डॉक्टर ने बताया कि स्वराज की तबीयत क्रिटिकल है. स्वराज को तत्काल वहां से सबनीस प्लाट स्थित रेडिएंट अस्पताल लाया गया. यहां डॉक्टरों ने उपचार शुरू किया, मगर तबीयत और बिगड़ने से उसे इर्विन अस्पताल रेफर किया. इर्विन में ले जाने पर डॉक्टरों ने स्वराज को मृत घोषित किया.मंगलवार को दोपहर 12 बजे स्थानीय हिंदू मोक्षधाम में स्वराज का अंतिम संस्कार किया गया. इस अवसर पर राकांपा प्रदेश महासचिव संजय खोड़के, मनपा आयुक्त संजय निपाणे, अभिनेता मकरंद अनासपुरे, सागर करंडे व अन्य मान्यवर उपस्थित थे. स्वराज के पिता मनीष ने रुंधे गले से बताया कि स्वराज की विज्ञान में रुचि थी और उसके पसंदीदा हीरो पूर्व राष्ट्रपति एपीजे अब्दुल कलाम थे. वह उन्हीं की तरह वैज्ञानिक बनने का सपना संजोए था. गाड़गे नगर पुलिस ने आकस्मिक मौत का मामला दर्ज किया है.



E ORBIT Cinemas
12.30,3.30,4.30
6.30,9.30,10.00
CARNIVAL Rajesh
9.45am,12.15,3.15
3.45,6.15,9.15pm
चित्रा
12.15,3.15,6.15,9.15
प्रिया
12.15,3.15,6.15,9.15
★★★★★ Subhash K Jha | DesiMartini | Bollywood Life
★★★★½ - Bhavikk Sangghvi
★★★★ Times of India | Hindustan Times | Zoom TV Film Companion | Filmfare | Firstpost | DNA India Forums
★★★½ - Bollywood Hungama
गली बॉय
अपना टाइम आयेगा
अभी देखिये सिनेमाघरों में
SCAN THIS QR CODE IN YOUR Paytm APP TO BOOK YOUR TICKETS NOW.
USE CODE: GB150 &
GET UPTO ₹150* CASHBACK.
Paytm CASHBACK
*T&C APPLY. MIN. 2 TICKETS. 50% CASHBACK.

पत्नी के हत्यारोप से बाइज्जत बरी

तपोवनेश्वर रोड पर ओढ़नी से गला घोटने का मामला

प्रतिनिधि, 19 फरवरी

अमरावती - चांदूर रेलवे रोड तपोवनेश्वर परिसर में ओढ़नी से पत्नी का गला घोटकर हत्या करने के मामले में जिला न्यायालय क्रमांक 5 व अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश ने आरोपी को पत्नी की हत्या के अपराध से बाइज्जत बरी करने का फैसला सुनाया. किसन पुंडलिकराव ढोकणे (बोढना झोपड़पट्टी तपोवनेश्वर) आरोपी का नाम है.

अदालत में दायर दोषारोप पत्र के अनुसार आरोपी किसन ढोकणे की पत्नी माया के साथ नहीं बनती थी. घटना के 15 दिन पहले से उनका विवाद शुरु था. 26 जनवरी 2017 की रात किसन व पत्नी माया के बीच विवाद हुआ. तड़के 4.30 बजे किसन ने उसकी पत्नी को अपनी मोटरसाइकिल पर बिठाया और जा रहा था, तपोवनेश्वर चांदूर रेलवे रोड पर उनके बीच फिर विवाद हुआ. इस पर किसन ने ओढ़नी से पत्नी का गला घोटकर हत्या कर डाली और लाश रास्ते से 10 फुट दूरी पर पलाश के पेड़ के पास जंगल में फेंक दी और खुद अमरावती एसटी बस स्टैंड के साइकिल स्टैंड पर गया. वहां साइकिल स्टैंड मालिक से कहा कि उसे 15 दिन मोटरसाइकिल वहां रखना है. पार्किंग मालिक ने पूछा तो किसन ने बताया कि उसने पत्नी की हत्या की है. साइकिल स्टैंड मालिक ने चौकी पर तैनात पुलिस को बुलाया और उन्होंने सिटी कोतवाली पुलिस थाने में फोन कर जानकारी दी. पीएसआई कोली ने घटनास्थल का पंचनामा कर आरोपी के खिलाफ दफा 302 के तहत अपराध दर्ज किया. इस मामले की तहकीकात पीएसआई वंजारी, पीएसआई कदम ने करते हुए दोषारोप पत्र अदालत में दायर किया. इस मामले में सरकारी वकील की ओर से 10 गवाहों के बयान अदालत में लिए गए. आरोपी की ओर से एड. प्रदीप प्रेमलवार ने पैरवी की. उनका सहयोग एड. संदीप वानखड़े ने किया. दोनों ही पक्षों की दलीलें सुनने के बाद आरोपी किसन ढोकणे को हत्यारोप से बाइज्जत बरी किया गया.

14 तहसीलों में 14 महीने रक्तदान

शिविर हेतु इर्विन अस्पताल की पहल | शहीदों को अनोखी श्रद्धांजलि

प्रतिनिधि, 19 फरवरी

अमरावती - हर माह में 14 तारीख को एक तहसील में एक बार ऐसे 14 महीने रक्तदान कर पुलवामा घटना में शहीद हुए जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी. इर्विन अस्पताल ने इस अनोखी श्रध्दांजलि के लिए पहल की है. तहसील स्तर पर उपजिला अस्पताल, तहसील अस्पताल, ग्रामीण अस्पताल में जवानों को श्रध्दांजलि अर्पित की जाएगी. अगले माह अचलपुर में शिविर का आयोजन किया जाएगा. इर्विन अस्पताल में वैलेंटाइन डे के उपलक्ष्य में 14 फरवरी को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया था. शहीदों को श्रध्दांजलि अर्पण करने के उद्देश से हर तहसील में 14 महीने रक्तदान शिविर आयोजित करने का निर्णय इर्विन अस्पताल ने लिया. रक्तदान शिविर आयोजन में इर्विन अस्पताल के डॉक्टर, वैद्यकीय अधिकारी, कर्मचारी, सामाजिक संस्था, राजनीतिक दल और आमजनता को सहभागी किया जाएगा. शहीदों को श्रध्दांजलि स्वरूप रक्तदान शिविर में होने वाले रक्त संकलन से दर्जे की मात्रा, सिकल सेल, हिमोसेलिया मरीजों को लाभ मिलेगा. 14 फरवरी को इर्विन अस्पताल में आयोजित शिविर में 115 रक्तदाताओं ने रक्तदान कर शहीदों को श्रध्दांजलि अर्पित की. शिविर प्रमुख उमेश आगरकर की संकल्पना से जवानों को श्रध्दांजलि के रूप में विविध संस्था, संगठन, कर्मचारी व अधिकारियों ने सीएस की उपस्थिति में यह शिविर लगाने का निर्णय लिया. हर माह की 14 तारीख को ग्रामीण अस्पताल, उपजिला अस्पताल में शिविर आयोजित किया जाएगा.

Blood
Donation

बहुत ही अच्छा संकल्प

पुलवामा में फिदायीन हमले में शहीद सैनिकों को श्रध्दांजलि के रूप में हर तहसील में 14 तारीख को प्रत्येक माह में रक्तदान शिविर आयोजित करने का संकल्प लिया गया है. शिविर से संकलित रक्त का लाभ गर्भवती महिला, सिकल सेल, हिमोसेलिया सहित सामान्य मरीजों को लाभ मिलेगा. साथ ही सैनिकों को श्रध्दांजलि होगी.

डॉ. श्यामसुंदर निकम, जिला शल्य चिकित्सक अमरावती

पृष्ठ 9 के समाचारों का शेष

मनपा स्थायी में चेहरों की...

होती है तो मौजे जेवड सर्वे क्रमांक 51 विद्यापीठ कॉलोनी की खुली जगह कांग्रेस नगर की ग्रामीण शिक्षा संस्था के बगीचा के लिए देने, अन्नाभाऊ साठे नागरी बस्ती सुधार योजना अंतर्गत निधि वितरण, लोकनिर्माण विभाग को लागू दर सूची फैक्ट्री निर्णय व तीन शिक्षक तथा दो शिक्षकोत्तर कर्मियों को पदोन्नति मानधन विषय पर सभा में चर्चा हो सकती है. इसके अलावा साफसफाई के नए ठेके और पार्षदों के उपलब्ध मनुष्यबल को लेकर रहने वाली शिकायतों पर गहमागहमी हो सकती है.

कार्यकर्ताओं से बैलेट पेपर ...

हिंगासपुरे, गिरीश कासट आदि उपस्थित थे. इस अवसर पर विधायक रवि राणा ने अपने संबोधन में कहा कि स्थानीय भाजपा के कुछ लोगों के साथ उनके संबंधों में भले ही खटास हो, मगर राज्यस्तर पर मुख्यमंत्री देवेंद्र फड़णवीस और अन्य नेताओं से उनके अच्छे संबंध हैं. मुख्यमंत्री उन्हें पग-पग पर सहयोग करते हैं. इसी तरह राकांपा सुप्रीमो शरद पवार की तारीफों के पुल बांधते हुए राणा ने कहा कि वे एक एक सांसद की कीमत जानते हैं. इसलिए उन्होंने पूर्व में लोकसभा चुनाव न लड़ने का फैसला किया था. मगर अब वे म्हाडा से चुनाव लड़ रहे हैं. 8 माह पहले ही एनसीपीए से नवनीत राणा की उम्मीदवारी घोषित की गयी थी. अमरावती से नवनीत घड़ी चुनाव चिन्ह पर लड़ेंगी या अमरावती में घड़ी चिन्ह ही नहीं रहेगा. एनसीपी एड.बालासाहब आंबेडकर की वंचित आघाड़ी को समर्थन देंगे. राणा ने यह भी स्पष्ट किया कि शिवसेना के कार्याध्यक्ष उध्दव ठाकरे से लेकर सेना नेताओं तक के उनके अच्छे संबंध हैं. इस अवसर पर नवनीत राणा ने कहा कि लोकसभा चुनाव में उनकी जीत पक्की है. अब केवल जीत में वोटों की लीड के लिए कार्यकर्ताओं को प्रयास करने हैं. पिछले चार सालों से वे सक्रिय हैं. वे जिले की हर महिला से मिली हैं. महिला शक्ति उनके साथ है. कार्यकर्ताओं की राय उनके लिए सर्वोपरि है. उन्होंने यह भी कहा कि वे सांसद नहीं रहेंगी. उनका हर कार्यकर्ता सांसद रहेगा. इस अवसर पर सुरेश खत्री, दिनेश सेठिया, जयप्रकाश लढ्ढा, मदन जायसवाल, सीमेश श्राफ, कमल आहूजा, अमर तरडेजा, किशोर पिवाल, विनय तन्ना, नीलेश झंडे, राहुल बजाज, नानकराम नेभनानी सहित 200 से 250 कार्यकर्ता प्रमुखता से उपस्थित थे.

शनैः शनैः परवान चढ़ रही ...

साथ हल्की व मध्यम बारिश होने के आसार व्यक्त किए. मौसम विभाग ने यह भी स्पष्ट किया कि इस बारिश से न्यूनतम तापमान पर कोई विशेष फर्क नहीं पड़ेगा. न्यूनतम तापमान 12 से 15 और अधिकतम तापमान 32 से 33 डिग्री दर्ज होगा. यह विश्लेषण मौसम विशेषज्ञ प्रा.अनिल बंड ने व्यक्त किया है. अधिकतम पारा उछलकर 35 तक जा पहुंचने से गर्मी का एहसास बढ़ रहा है. दिन में व रात में भी पंखे की जरूरत महसूस हो रही है. गर्मी धीरे-धीरे परवान चढ़ रही है. विगत 2-3 दिन से अधिकतम तापमान शनैः शनैः बढ़ने से गर्मी ने दस्तक दी है. विदर्भ में गर्मी भीषण रहती है. इस बार अभी गर्मी की शुरुआत नहीं हुई है.

तेरा अमरावती में गेम करेंगे

लेकर आया. उसी समय मधु निंदाने घर पर आया और बताया कि गांधी चौक में मनोज संगेले और उसके साथियों ने पीटा मैं जान बचाकर भाग आया. वे नितिन को अपने साथ ले गए हैं. वहीं मनोज संगेले ने पहले ही कोतवाली थाने जाकर मधु निंदाने के खिलाफ मारपीट की शिकायत दर्ज कराई थी. पुलिस ने भी निंदाने के खिलाफ धारा 323, 504, 506 के तहत मामला दर्ज किया. रात को नितेश और मधु कोतवाली में नितिन की लापता होने की शिकायत दर्ज कराने पहुंचे तो वहां पुलिस ने कहा कि नितिन दूध पिता बच्चा नहीं है. रात भर इंतजार करो सुबह लापता होने की रिपोर्ट लिखेंगे. पुलिस की बेरुखी से नितेश घर लौटा. मगर यहां मां रमा द्वारा बार-बार फोन करने के बावजूद नितिन के फोन पर प्रतिसाद नहीं मिल रहा था. जिससे नितेश दोबारा कोतवाली थाने पहुंचा और लापता होने की रपट लिखवाई. सोमवार को नितिन की लाश मिली. उसके मुंह से झाग निकल रहा था. जहर पिलाकर उसकी हत्या किए जाने का संदेह है. बताया जाता है कि नमूना गली के एक सीसीटीवी फुटेज में नितिन का पीछा करते हुए हमलावर कैद हुए हैं. दो माह पहले ही नितिन के अपेंडिक्स का ऑपरेशन हुआ था. जिससे अगर लातघूसे बरसाए गए होंगे तो भी उसके मुंह से झाग निकल सकता है. पुलिस ने फॉरेंसिक जांच के लिए मृतक का ब्लड सैंपल, नाखून, घटनास्थल पर मिले उल्टी के दाग और विसेरा भेजा है. साथ ही पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज भी जब्त किए हैं. पीएसआई नितिन ठाकुर मामले की जांच कर रहे हैं.

जिला स्टेडियम में 100 रुपए ...

को जिला स्टेडियम में प्रैक्टिस शुल्क 100 रुपए वसूलने का निर्णय रद्द करने और सरकार द्वारा ही स्टेडियम की देखभाल करने के निर्देश दिए. इस फैसले से खेल प्रेमी व खिलाड़ियों को राहत मिलेगी. गौरतलब है कि विभागीय क्रीड़ा संकुल में योग व खेलकूद के अलावा वाकिंग करने वालों से 100 रुपए वसूलने का निर्णय लिया गया था. स्टेडियम परिसर में कूड़ा करकट, शुध्द पेयजल तक की व्यवस्था तक नहीं थी. रख-रखाव के नाम पर यह वसूली की जाने वाली थी. इसका विरोध करते हुए प्रतिदिन अखबार से अनेक खेल प्रेमी और खिलाड़ियों ने अपनी राय व्यक्त की थी. उन्होंने कहा था कि योग करने वाले स्वयं अपने साथ झाडू लेते हैं. जहां योग करते हैं पहले उसकी सफाई करते हैं. अनेक खिलाड़ी स्वयं ही रखरखाव करते हैं. प्रधानमंत्री मोदी देशवासियों को कहते हैं खेलो इंडिया खेलो, करो योग रहो निरोग वहीं दूसरी ओर शुल्क वसूली को लेकर तीव्र नाराजगी व्यक्त की जा रही थी. अब यह निर्णय रद्द किया गया है.

पालकमंत्री निवास पर योग...

बजे से काफी इंतजार करने के बाद भी पालकमंत्री से भेंट नहीं हो सकी. इसलिए जिला स्टेडियम में जाने वाले और अवैध वसूली का शिकार बनने वाले नागरिकों ने वहीं योगाभ्यास किया और वंदे मातरम के नारे लगाकर प्रशासन की अवैध वसूली का अनूठे ढंग से निषेध किया. यहां से सभी खेल प्रेमी, योग अभ्यासक व नागरिक सीधे विधायक रवि राणा के शंकर नगर स्थित गंगासावित्री निवास पर पहुंचे. यहां विधायक राणा ने स्वयं सबकी अगुवाई की. उनकी बात सुनी और चाय पानी का प्रबंध कर यह मसला स्वयं विशेष रूप से ध्यान देकर हल करने का आश्वासन दिया. बुधवार को विधायक राणा ने विभागीय आयुक्त पीयूष सिंह से मिलने का वादा किया. इससे पूर्व ही मंगलवार को पालकमंत्री पोटे ने जिला स्टेडियम की अवैध वसूली रोकने के निर्देश दिए.

शहीद विभूति की यादों से ...

पत्नी और श्याम शर्मा की भांजी दीपिका शर्मा उनके ससुराल अर्थात मध्यप्रदेश के महू में इस पीड़ादायक घटना के सदमे से उबरने का प्रयास कर रही हैं. धरती का स्वर्ग कहे जाने वाले कश्मीर की जमीन पर 44 जवानों पर फिदायीन हमला होने से वे शहीद हुए. पूरा देश गमगीन है. नापाक पाकिस्तान की इस कायराना हरकत को जवाब देने की कार्रवाई में मंगलवार को मेजर विभूति घुंडियाल शहीद हुए. जिससे हर भारतवासी की आंखें फिर नम हुई. मेजर विभूति शहीद होने के बाद भी उनके साथ इस मिशन में काम करने वाले साथियों को रुकना नहीं है. क्योंकि दोस्त, साथी जिगरी यार की मौत का गम दूर रख देश की रक्षा के लिए उन्हें तैयार रहना पड़ता है. भरतभूषण शर्मा व विभूति घुंडियाल रूम पार्टनर थे. एक ही यूनिट में प्रमोशन पर उनकी नियुक्ति हुई. पिछले दो साल से वे साथ काम कर रहे थे. शहीद विभूति के विवाह में भरतभूषण उनके गांव गए थे. भारतीय जवानों की शहादत पश्चात पाकिस्तान को जवाब देने की खुफिया नियोजन की जिम्मेदारी इस यूनिट पर सौंपी गयी थी. अत्यंत संवेदनशील सिग्नल डिपार्टमेंट की जिम्मेदारी थी. मिशन पर जाने के पूर्व दोनों ने एकदूसरे के गले लगकर विदाई ली. इसके बाद कुछ ही देर में मेजर विभूति घुंडियाल देश के लिए शहीद हुए. दोस्त और साथी के ऐसे अचानक चले जाने का धक्का भरतभूषण को पहुंचा है. मगर फिर भी उन्हें रुकना नहीं है. देश की रक्षा जिम्मेदारी से करनी है. सदमा और गम के घूंट पीकर देश की सीमा पर अमरावती के दामाद भरतभूषण शर्मा के इस साहस को हजारों सलाम भी कम हैं.

आपका राशिफल 20 फरवरी

मेष
चू चे चो ला ली लू ले लो अ
शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। बुरी संगति से बचें। नौकरी में सावधानीपूर्वक कार्य करें। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। अर्थपक्ष मजबूत रहेगा। शुभांक-3-5-7

वृष
इ उ ए ओ वा वी वू वे वो
अपने अधीनस्थ लोगों से कम सहयोग मिलेगा। बाहरी सहयोग की अपेक्षा रहेगी। सलाह उपयोगी सिद्ध होगी। विपरीत परीस्थितियों में भी हानि नहीं होगी। आवेश में आना आपके हित में नहीं होगा इसलिए व्यवहार व वाणी पर नियत्रंण रखें। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। शुभांक-5-6-9

मिथुन
का की कू घ ङ छ के को हा
व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। आलस्य का त्याग करें। कार्यसिद्धि होने में देर नहीं लगेगी। आर्थिक लाभ उत्तम रहेगा। शैक्षणिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। परिवार में किसी मांगलिक कार्य पर वार्ता होगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा। शुभांक-2-6-8

कर्क
ही हू हे हो डा डी डू डे डो
समय पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। पुराने मित्र से मिलन होगा। शुभांक-4-6-7

सिंह
मा मी मू मे मो टा टी टू टे
मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। परिवारजनों का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। शुभांक-3-5-8

कन्या
टो पा पी पू ष ण ठ पे पो
जीवनसाथी अथवा यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। एकाकी वृत्ति त्यागें। हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात् दूर हो जाएगी। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। साथ ही आगे के लिए रास्ता भी बन जाएगा। कार्य सफल होंगे। शुभांक-2-5-7

तुला
रा री रु रे रो ता ती तू ते
प्रसन्नता के साथ सभी जरूरी कार्य बनते नजर आएंगे। मनोरथ सिद्धि का योग है। सभा-गोष्ठियों में सम्मान मिलेगा। प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। कई प्रकार के हर्ष उल्लास के बीच आनन्ददायक दिन रहेगा। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। शुभांक-6-8-9

वृश्चिक
तो ना नी नू ने नो य यी यू
स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की दौड़-भाग से यदि बचा जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। आय के अच्छे योग बनेगें। संतान की उन्नति के योग हैं। शुभांक-5-6-8

धनु
ये यो भा भी भू धा फा ढा भे
आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध होंगे। कोई प्रिय वस्तु या नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभाओं में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। माता पक्ष से विशेष लाभ। पुराने मित्र से मिलन होगा। आत्मचिंतन करें। शुभांक-4-6-8

मकर
भो जा जी खी खू खे खो गा गी
लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। कारोबारी काम में बाधा बनी रहेगी। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शुभ कार्यों की प्रवृत्ति बनेगी और शुभ समाचार भी मिलेंगे। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। शुभांक-3-6-9

कुंभ
गू गे गो सा सी सू से सो दा
पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। मित्र से मिलन होगा। शुभांक-1-5-8

मीन
दी दू थ झ ञ दे दो चा ची
धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। लाभ में आशातीत वृद्धि तय हैं मगर नकारात्मक रुख न अपनाएं। किसी पुराने संकल्प को पुरा कर लेने का दिन हैं। ''आगे-आगे गौरख जागे'' वाली कहावत चरितार्थ होगी। निष्ठा से किया गया कार्य पराक्रम व आत्मविश्वास बढ़ाने वाला होगा। इच्छित कार्य सफल होंगें। शुभांक-1-6-9

दैनिक पंचांग

20 फरवरी 2019 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति



ग्रह स्थिति		लग्नारंभ समय	
सूर्य	कुंभ में	मीन	7.43 बजे से
चंद्र	सिंह में	मेष	9.14 बजे से
मंगल	मेष में	वृष	10.54 बजे से
बुध	कुंभ में	मिथुन	12.52 बजे से
गुरु	वृश्चिक में	कर्क	15.05 बजे से
शुक्र	धनु में	सिंह	17.22 बजे से
शनि	धनु में	कन्या	19.34 बजे से
राहु	कर्क में	तुला	21.44 बजे से
केतु	मकर में	वृश्चिक	23.59 ब.से
		धनु	2.15 बजे से
		मकर	4.20 बजे से
		कुंभ	6.07 बजे से

राहुकाल
12.00 से 1.30 बजे तक

बुधवार 2019 वर्ष का 51 वां दिन **दिशाशूल** उत्तर **ऋतु** शिशिर। **विक्रम संवत्** 2075 **शक संवत्** 1940 **मास** फाल्गुन (दक्षिण भारत में माघ) **पक्ष** कृष्ण **तिथि** प्रतिपदा 17.37 बजे को समाप्त। **नक्षत्र** मघा 8.00 बजे तदनन्तर पूर्वाफाल्गुनी 05.04 बजे प्रात: को समाप्त। **योग** अतिगण्ड 7.28 बजे तदनन्तर सुकर्मा 03.12 बजे रात्र को समाप्त। **करण** बालव 7.29 बजे, कौलव 17.37 बजे तदनन्तर तैतिल 03.47 बजे रात्र को समाप्त।
चन्द्रायु 15.1 घण्टे
रवि क्रान्ति दक्षिण 11° 06'
सूर्य उत्तरायन **कलि अहर्गण** 1870069
जूलियन दिन 2458534.5
कलियुग संवत् 5120
कल्पारंभ संवत् 1972949118
सृष्टि ग्रहारंभ संवत् 1955885118
वीरनिर्वाण संवत् 2545
हिजरी सन् 1440 **महीना** जमादि उस्सानी **तारीख** 14 **विशेष** फाल्गुन प्रारम्भ (उत्तर)।

दिन का चौघड़िया		रात का चौघड़िया	
लाभ	06.01 से 07.30 बजे तक	उद्वेग	06.01 से 07.30 बजे तक
अमृत	07.31 से 09.00 बजे तक	शुभ	07.31 से 09.00 बजे तक
काल	09.01 से 10.30 बजे तक	अमृत	09.01 से 10.30 बजे तक
शुभ	10.31 से 12.00 बजे तक	चर	10.31 से 12.00 बजे तक
रोग	12.01 से 01.30 बजे तक	रोग	12.01 से 01.30 बजे तक
उद्वेग	01.31 से 03.00 बजे तक	काल	01.31 से 03.00 बजे तक
चर	03.01 से 04.30 बजे तक	लाभ	03.01 से 04.30 बजे तक
लाभ	04.31 से 06.00 बजे तक	उद्वेग	04.31 से 06.00 बजे तक

चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। ■ Jagrutidaur.com, Bangalore